# ‘बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ’ अभियान हरियाणा में हुआ और सशक्त

## चर्चा में क्यों?

**हरियाणा सरकार** ने लिंगानुपात में **सुधार** के लिये **'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान** तीव्र कर दिया है।

- आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार, चल रहे प्रयासों के कारण, **हरियाणा का लिंगानुपात 2024 की इसी अवधि के दौरान 904 से बढ़कर 906 (1 जनवरी से 30 जून, 2025 तक)** हो गया है।

## मुख्य बिंदु

- **बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान (BBBP):**
  - BBBP एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे गिरते बाल लिंग अनुपात **(Child Sex Ratio- CSR)** का **समाधान करने**, **लिंग-पक्षपाती** लिंग-चयनात्मक उन्मूलन को रोकने और बालिकाओं की जीवन रक्षा, सुरक्षा और शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिये शुरू किया गया है।
- **मुख्य उद्देश्य:**
  - जन्म के समय लिंग अनुपात (SRB) में प्रतिवर्ष दो अंकों का सुधार करना।
  - **95% या उससे अधिक** की सतत् संस्थागत प्रसव दर प्राप्त करना।
  - **प्रथम तिमाही में** प्रसवपूर्व देखभाल (antenatal care) **पंजीकरण** और **माध्यमिक शिक्षा नामांकन** के **प्रतिशत में प्रतिवर्ष 1% की वृद्धि** करना।
  - माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर पर लड़कियों की **स्कूल छोड़ने की दर में कमी लाना।**
  - **सुरक्षित** मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (MHM) के संबंध में जागरूकता बढ़ाना।
- **लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के प्रयास:**
  - BBBP के तहत **लिंग-चयनात्मक गर्भपात के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी**, जिसमें **शामिल डॉक्टरों के लाइसेंस रद्द करना भी शामिल है।**
  - **आर्थिक रूप से कमज़ोर क्षेत्रों में जन्म पंजीकरण शिविर** आयोजित किये जाएँगे और सभी अपंजीकृत बच्चों को इस प्रणाली में लाने के लिये जागरूकता अभियान शुरू किये जाएँगे।
  - लिंग निर्धारण में संलिप्त संदिग्ध इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (IVF) केंद्रों पर निगरानी बढ़ाई जाएगी।




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/beti-bachao-beti-padhao-intensifies-in-haryana